Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उदयम

जनवरी – फरवरी 2011

सीईओ की कलम से

प्रिय मित्र,

सबसे पहले मैं आपको और आपके परिवार को नव वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं।

वो आप ही ही हैं, जिनकी वजह से आपकी बिजली कंपनी बीवाईपीएल को साल भर तमाम मोर्चों पर वाहवाही मिलती रही। हमारी हर पहल पर आपके सहयोग का ही नतीजा है कि चाहे माननीय उपराज्यपाल हों, दिल्ली सरकार हो, आरडब्ल्यूएज हों, विधायक हों या फिर मीडिया हो – सबकी ओर से हमें तारीफ मिली है। हमारी टीम का यह प्रयास है कि आपको हम इसी तरह विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करते रहें।

मुझे यह बताते हुए काफी खुशी हो रही है कि इस साल भी – लगातार दूसरे साल – बीवाईपीएल ने इंडिया पावर अवॉर्ड जीता है। हमारी टीम को इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की ओर से सेफ्टी इनोवेशन अवॉर्ड दिया गया है। यही नहीं, हमें प्रतिष्ठित आईएसओ 14001:2004 और ओएचएसएएस 18001:2001 प्रमाणपत्र भी मिला है। कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए हमारे प्रयासों की सभी ने तारीफ की है। हालांकि यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती था, लेकिन हमने अपना वादा पूरा किया और खेल गांव तथा अन्य खेल स्थलों पर एक सेकंड के लिए भी बिजली गुल नहीं हुई।

2010 की गर्मियों में बीवाईपीएल के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना नहीं करना पड़ा। इसकी एक बड़ी वजह यह रही कि आपके सहयोग की बदौलत, भयानक गर्मियां शुरू होने से पहले ही हमने अपने नेटवर्क के रखरखाव व मरम्मत का काम पूरा लिया था। गर्मियों में बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार ने भी हमारी पीठ थपथपाई। पिछले दिनों बदरपुर खादर इलाके का भी विद्युतीकरण कर दिया गया और इसके साथ ही बीवाईपीएल दिल्ली की एकमात्र ऐसी बिजली कंपनी बन गई है, जिसके शत–प्रतिशत इलाकों का विद्युतीकरण हो चुका है। आपकी मदद से हम अपना एटीएंडसी घाटा 63 प्रतिशत (2002) से घटाकर 23 प्रतिशत (2010) पर लाने में सफल हुए हैं। डीईआरसी ने हमें मार्च 2011 तक घाटे को 22 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य दिया है, लेकिन हमारी कोशिश है कि हम इस लक्ष्य को पार करते हुए, घाटे को और कम करके, उसे 20 प्रतिशत के आसपास ले आएं।

2011 में हम आपके लिए कई नई सेवाएं लेकर आ रहे हैं। इनमें, भविष्य के 2000 मेगावॉट के बिजली लोड को ध्यान में रखते हुए, बीवाईपीएल के नेटवर्क का विस्तार करना भी शामिल है। हमारी योजना है अपने सभी ग्रिडों को मानवरहित बनाने की, ताकि मानवीय भूल व हस्तक्षेप की गुंजाइश कम रहे और गड़बड़ी होने की दशा में तुरंत एक्शन लिया जा सके। आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर हम स्मार्ट सब स्टेशन पर काम कर रहे हैं। ये सब स्टेशन गड़बड़ी की आशंका होते ही अग्रिम चेतावनी भेज देंगे। इसका फायदा यह होगा कि गड़बडी होने से पहले ही समस्या को दूर कर लिया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए जल्द ही हम अपने कस्टमर केयर और बिल भुगतान केंद्रों को सुबह 8 से शाम 8 बजे तक खोले रखेंगे।

हम नए दशक में आपको और बेहतर सेवाएं देने को प्रतिबद्ध हैं, तथा आपसे ज्यादा सहयोग की अपेक्षा भी है।

शुभेच्छु,

रमेश नारायणन

मुख्य कार्यकारी अधिकारी

बीवाईपीएल ने जीता नैशनल सेफ्टी इनोवेशन अवॉर्ड

उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) द्वारा उठाए गए कदम को सराहते हुए, इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स ने उसे प्रतिष्ठित नैशनल सेफ्टी इनोवेशन अवॉर्ड 2010 से पुरस्कृत किया है। पूर्वी और मध्य दिल्ली में बिजली के खतरों को कम करने के उद्देश्य से उठाए गए कदमों को ध्यान में रखते हुए बीवाईपीएल को यह अवॉर्ड दिया गया है। बीवाईपीएल के सीईओ श्री रमेश नारायणन और ओएंडएम प्रमुख श्री वाईके सचदेवा ने 28 दिसंबर को ये पुरस्कार ग्रहण किए।

उपराज्यपाल ने की बीवाईपीएल की सराहना

उपराज्यपाल
दिल्ली
LIEUTENANT GOVERNOR
DELHI

राज निवास
दिल्ली-११००५४
RAJ NIWAS
DELHI-110054

CEO (Office)
BSES Yamuna Power
Receipt No. 3262
Dt. 23/11/10

D.O.No.PA/OSD (RM)/RN/2010/ 3066 — 4/11/10

Dear Ramesh Narayanan Ji,

Thank you very much for your letter dated 16th October, 2010.

2. I compliment the BSES Yamuna Power Ltd. Team under your able leadership for ensuring smooth supply of power at all the Games venues and the Games Village. I am sure BSES would continue with same zeal and effective team work and achieve greater heights of efficient service delivery in the years to come.

With Kind Regards,

Yours sincerely,

(Tejendra Khanna)

Shri Ramesh Narayanan
CEO
BSES Yamuna Power Ltd.
Shakti Kiran Building,
Karkardooma
New Delhi - 110092

बीवाईपीएल की लोक अदालत में सुलझे 2266 मामले

बीएसईएस ने दिल्ली हाई कोर्ट लीगल सर्विसेज कमिटी के साथ मिलकर 11 और 12 दिसंबर, 2010 को एक लोक अदालत का आयोजन किया। इसमें बीवाईपीएल उपभोक्ताओं के कुल 2266 मामले सुलझाए गए। उपभोक्ताओं ने स्पेशल लोक अदालत के इस अनोखे अवसर का लाभ उठाया। यहां मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। बिजली की सीधी चोरी और मीटर से छेड़छाड़ कर की जाने वाली चोरी, दोनों तरह के मामलों को यहां निपटाया गया।

बीएसईएस को मिला इंडिया पावर अवॉर्ड

काउंसिल ऑफ पावर युटिलिटीज द्वारा प्रमोटेड तीसरा इंडिया पावर अवॉर्ड इस बार बीएसईएस बिजली कंपनियों को मिला है। ओवरऑल युटिलिटी परफॉर्मेंस – अरबन एरियाज की श्रेणी में यह अवॉर्ड दिया गया है। 11 नवंबर को श्री रमेश नारायणन ने बीवाईपीएल की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

सुरक्षा व दिमागी सुकून के लिए ईएलसीबी लगवाएं

हमारे मूल्यवान ग्राहक, जिनका बिजली लोड 5 किलोवॉट या उससे अधिक है, उनसे हम अनुरोध करते हैं कि वे, भारतीय बिजली नियम 1956 की धारा 61ए और डीईआरसी दिशानिर्देशों के तहत, अपने यहां अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर (ईएलसीबी) लगवा लें।

हम सुन रहे हैं ... डायल करें
बीवाईपीएल – 399–99–808